तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 सितंबर 2025

12 तीन दिन से हो रही बरसात से हांसी हुआ जलमग्न


12 सत्संग जीवन को बनाता है पवित्र और आनंदमय




हिसार। निरीक्षण करते नगर निगमायुक्त नीरज व अन्य। फोटो : हरिभूमि



हिसार। बाढ़-राहत प्रबंधों की समीक्षा करते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि



हिसार। पठाना मोहल्ला में गिरी बिल्डिंग का मलबा। फोटो : हरिभूमि



हिसार। जलस्तर ऊपर होने से निगम की बेसमेंट में भरा पानी।

### जलभराव के कारण जिले के करीब 220 गांव प्रभावित, डेढ़ लाख एकड़ में खड़ी फसलों को नुकसान

### गांव कोथ कलां में बारिश से दो मंजिला मकान गिरा, परिवार मलबे में दबा, महिला की मौत, तीन घायल

# मानसून का चालू सीजन कहर बनकर टूटा

*बरवाला में छत गिरने से दो सगी बहनें मलबे में दबी, अग्रोहा मेडिकल में करवाया भर्ती, पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण करीब 220 गांव प्रभावित हुए, बरसात तथा ड्रेनों व माइनरों के टूटने से हुए जलभराव, जलभराव के कारण इन गांवों में खरीफ की फसलें तबाह हो गई, प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार नुकसान 25 फीसद से लेकर 100 फीसद तक है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

इस बार मानसून का सीजन कहर बनकर टूटा हुआ है। नारनौंद क्षेत्र के मंगलवार सुबह गांव कोथ कलां में बारिश के कारण दो मंजिला मकान गिर गया और छत के मलबे के नीचे दबने से एक 33 वर्षीय महिला रहीसा की मौत हो गई। हादसे में महिला का पति आशिन, बड़ी बेटी 14 वर्षीय रफीना व छोटी बेटी 10 वर्षीय नजमा गंभीर रूप से घायल है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उधर, गांव कोथ कलां में सोमवार को करंट लगने से ग्रामीण राममेहर की भैंस को भी करंट लगने से मौत हो गई। बरवाला शहर के वार्ड 7 में मंगलवार को एक मकान की छत गिरने से दो बहन मनीषा व ममता घायल हो गई।

पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण करीब 220 गांव प्रभावित हुए है। इन गांवों में बरसात तथा ड्रेनों व माइनरों के टूटने से हुए जलभराव हुआ है। जलभराव के कारण इन गांवों में खरीफ की फसलें तबाह हो गई है। प्रशासन द्वारा तैयार फसलों को नुकसान की प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार पिछले चार दिनों की बारिश व जलभराव से करीब डेढ़ लाख एकड़ में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा है। यह नुकसान 25 फीसद से लेकर 100 फीसद तक है। कई इलाके तो ऐसे हैं, जहां 75 से 100 फीसद तक फसलों को जलभराव से नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा जिले का ऐसा कोई एरिया नहीं है, जहां फसलों को नुकसान न पहुंचा हो। बता दें कि करीब एक सप्ताह पूर्व जलभराव के कारण जिले के 81 गांव में करीब 58 हजार एकड़ से अधिक खराबे की रिपोर्ट सरकार को भेजी गई थी, उसके बाद सरकार ने इन गांवों के प्रभावित किसानों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल भी खोल दिया था। ताजा अनुमान के अनुसार 148 गांवों की करीब डेढ़ लाख एकड़ में फसलों को 25 से 100 फीसद नुकसान की रिपोर्ट सरकार को भेजी गई है।



हिसार। भारी बारिश के कारण खेतों में जलभराव। फोटो : हरिभूमि

### बिगड़े हालात को देखते हुए 50 और पंप सेट की डिमांड भेजी

कुछ गांवों में रिहायशी इलाकों में भी अत्याधिक जलभराव होने के कारण प्रभावित लोग सुरक्षित ठिकानों पर जाने को मजबूर हुए हैं। कई गांवों में जलभराव से प्रभावित सरकारी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार जिले में इस समय जलभराव से राहत दिलाने के लिए विभिन्न विभागों के 118 पंप सैट रात-दिन कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में लोगों ने अपने स्तर डीजल इंजन लगाकर पानी निकालने का कार्य शुरू किया हुआ है। इसके साथ ही उच्चाधिकारियों ने जिले के कई गांवों में बिगड़े हालात को देखते सरकार के पास 50 पंप सैट तथा 20 किलोमीटर पाइप लाइन की डिमांड भेजी है।

### अपना गांव बचाने के चक्कर में उलझे रहे ग्रामीण

भारी बारिश के कारण कई गांव के लोगों में आपस में तनाव होने लगा है। खुद के गांव को जलभराव से बचाने के चक्कर में ग्रामीण दूसरे गांव के लोगों से उलझ रहे है। ऐसे कुछ मामले बरवाला क्षेत्रों के कई गांवों में सामने आ चुका है। इस बारे में अधिकारियों ने मंगलवार को डीसी अनीश यादव के भी संज्ञान में लगाया। अधिकारियों ने उन्हें अवगत करवाया गया कि कुछ क्षेत्रों में गलत ढंग से सड़कें, दीवारें इत्यादि तोडकर पानी को दूसरे क्षेत्रों में निकाला जा रहा है। इससे बहुत से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### ड्रेन के तटबंधों की मजबूती पर करें फोकस

डीसी ने हिसार मैन ड्रेन, हिसार-घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन, पुट्ठी-मुंढाल लिंक ड्रेन, बालसमंद सब ब्रांच पंप हाउस, कैंट क्षेत्र स्थित सातरोड़ पंप हाउस की कार्यशीलता की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि ड्रेन के तटबंधों की मजबूती पर फोकस किया जाए। जहां पर भी जरूरत हो वहां नियमित निगरानी की जाए। निचले क्षेत्रों की जल निकासी व्यवस्था को और ज्यादा सुदृढ़ किया जाए और जल निकासी के लिए मोटर, पंप सेट, इंजन, मिट्टी के कट्टे, पोर्टेबल पंप आदि अन्य उपकरणों की अतिरिक्त व्यवस्था की जाए।

### बरसात व जलभराव के कारण घरों व अन्य जानमाल के नुकसान के आकलन के दिए निर्देश

- कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की

हिसार। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को बरसात और जलभराव के कारण से घरों व अन्य जान-माल के नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई की जाएगी। इसलिए इस कार्य को विभागों के अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। गांव भगाना में जलभराव की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अधिकारियों द्वारा किए जा रहे जल निकासी प्रबंधों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि फसलों को हुए नुकसान का भी निरंतर आकलन करते हुए रिपोर्ट सरकार को भेजी जा रही है। इसके फलस्वरूप अभी तक 81 गांवों में हुए नुकसान के लिए किसानों से क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिए जा रहे हैं। अभी तक पोर्टल पर 10 हजार 266 किसानों ने फसल खराबे का 65 हजार 235 एकड़ रकबा दर्ज किया है। पोर्टल पर जल्द ही अन्य गांवों के नाम भी शामिल किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, खंड विकास अधिकारी प्रथम विशाल बाजवा, विश्वेंद्र यादव, एसीपीओ मोहित, मोनू भगाणा, रामफल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। जलभराव वाले क्षेत्रों को दौरा करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा

### 100 साल से अधिक पुरानी बिल्डिंग गिरी

पुराने शहर एरिया में बारिश के चलते पठाना मोहल्ला करीब 100 साल पुरानी बिल्डिंग जर्जर होकर गिर गई। गनीमत यह रही कि जब समय बिल्डिंग गिरी, उस समय एक स्कूल बच्चा उसके पास से निकल रहा रहा। ऐसे में बच्चा बाल-बाल बच गया। बताया जाता है कि बिल्डिंग के मालिक को निगम प्रशासन की ओर से करीब 5 साल पहले नोटिस जारी किया था। उसके बाद भी बिल्डिंग मालिक ने बिल्डिंग को नहीं गिराया। उधर, निगम प्रशासन भी नोटिस देने के बाद आगे की कार्रवाई करना ही भूल गया।

### नगर निगम की बेसमेंट में भरा पानी

नगर निगम के बेसमेंट में पानी भर गया। यह पानी बारिश का नहीं बल्कि भूमिगत जलस्तर के ऊपर आने से बताया जा रहा है। बेसमेंट में पानी भरने से वहां रखी फाइलें व अन्य सामान डूब गया। वहां कार्यरत कर्मचारियों ने फाइलों व अन्य सामान को मेज-कुर्सियों पर रखा। वहां कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि यह पानी जलस्तर ऊपर आने से भर गया है। बेसमेंट में पानी भरने की सूचना निगम के उच्चाधिकारियों को दे दी है। सूचना मिलने पर निगम के उच्चाधिकारियों ने वहां का जायजा लिया।

### डीसी ने जलभराव वाले क्षेत्रों में किए जा रहे प्रबंधों की समीक्षा की

उपायुक्त अनीश यादव ने बरसात व ड्रेन टूटने के कारण से जिले के विभिन्न गांवों में अभी तक किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने इस दिशा में विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट ली और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जन स्वास्थ्य, सिंचाई, राजस्व विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को उपायुक्त ने हालात के मद्देनजर अग्रिम प्रबंध करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की और से ऐसे आबादी क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने की हिदायत दी जहां जलभराव हुआ है। साथ ही जन स्वास्थ्य विभाग को ऐसे क्षेत्रों में पेयजल की जांच करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने असुरक्षित मकानों को निरीक्षण कर वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर आश्रय उपलब्ध करवाने की भी हिदायत दी।

### निगमायुक्त ने जलभराव क्षेत्रों व डिस्पोजल का किया निरीक्षण

जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए निगमायुक्त नीरज ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी साथ रहे। निरीक्षण की शुरुआत फव्वारा चौक और आईजी चौक से हुई, जहां निगमायुक्त ने अधिकारियों को बरसाती पानी की त्वरित निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे जिंदल चौक पहुंचे और वहां जलभराव की स्थिति देखकर अधिकारियों को तुरंत समाधान के आदेश दिए। निगमायुक्त ने आगे सेक्टर 9-11 मोड़ पर जलभराव का निरीक्षण किया।

## छत के गिरे मलबे के नीचे दबने से दो बेटियां घायल

- छत के गिरने से मजदूर को लाखों रुपये का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

मूसलाधार बारिश के चलते वार्ड न. 7 में मंगलवार प्रातः मेहनत मजदूरी करने वाले एक गरीब मजदूर के मकान की छत अचानक ढह गई। छत के नीचे गिरे मलबे में दबने से परिवार की दो बेटियां घायल हो गई। इन दोनों घायल बेटियों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में दाखिल करवाया गया है जहां वे खतरे से बाहर बताई जा रही है। छत के नीचे गिरे मलबे में गरीब मजदूर का घरेलू सामान बिस्तर, बेड, एलसीडी, पेटी, फोल्डिंग, पंखा,



बरवाला। वार्ड नंबर 7 में बारिश के चलते गिरी छत। फोटो : हरिभूमि

कपड़े व अन्य सामान दबकर नष्ट हो गया। छत गिरने से इस गरीब मजदूर को लाखों रुपये का नुकसान हो गया है।

वार्ड न. 7 निवासी महिपाल ने बताया कि मंगलवार प्रातः लगभग 7 बजे वो दूध लेने के लिए गया था और उसकी धर्मपत्नी चाय बना रही थी तथा उसकी दो बेटियां मनीषा (18) और ममता (14) सो रही थी। इतने में मकान की छत ढह गई और छत के मलबे के नीचे उसकी दोनों बेटियां मनीषा और ममता दब गई। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी भाग कर आए और आते ही मलबे के नीचे दबी दोनों बेटियों को बाहर निकाला। मलबे के नीचे दबने से दोनों बेटियां घायल हो गई थी। महिपाल को छत के गिरने से लगभग पांच लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है।

## बारिश के कारण मकान की छत गिरी, महिला की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

गांव कोथ कलां में बारिश के कारण दो मंजिला मकान गिर गया। छत के नीचे दबने से एक महिला की मौत हो गई। महिला का पति और दो लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई सभी घायलों को जींद के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। गांव कोथ कलां निवासी आशिन अपने परिवार सहित गांव में एक दो मंजिले मकान में रहता है।



नारनौंद। मृतक रहीशा।



नारनौंद। गांव कोथ कलां में बारिश के कारण गिरा हुआ मकान।

पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। सोमवार की रात से ही लगातार बारिश हो रही थी वह अपने परिवार के साथ एक कमरे में नीचे सो रहे थे। रात के करीब दो बजे अचानक से मकान की छत गिर गई। पूरा परिवार मलबे के नीचे दब गया। छत गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण उठकर मौके पर पहुंचे और उन्होंने मलबे के नीचे से सभी को निकाला और इलाज के लिए जींद के हॉस्पिटल में ले गए। डॉक्टरों ने 33 वर्षीय रहीसा को मृतक घोषित कर दिया।

मृतक रहीशा का पति आशिन, बड़ी बेटी 14 वर्षीय रफ़ीना, छोटी बेटी 10 वर्षीय नजमा गंभीर रूप से घायल है। सभी का इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार ओमवीर सिंह व थाना प्रभारी बलवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गांव के सरपंच महासिंह ने प्रशासन से मांग है की इनको तुरंत प्रभाव से सहायता राशि दी जाए और मकान भी बनवाने का काम किया जाए। बारिश का पानी गांव में भरा हुआ है। कोई और हादसा ना हो इसलिए पानी को भी निकालने का प्रबंध किया जाए।

### करंट लगने से भैंस की मौत

गांव कोथ कलां में सोमवार को करंट लगने से ग्रामीण राममेहर की भैंस को भी करंट लगने से मौत हो गई थी। बारिश के दिनों में बिजली के अधिकतर पोल में करंट आ जाता है। जिसके कारण ऐसी घटनाएं घट जाती हैं। बिजली निगम ने आमजन से अपील की है कि बारिश के समय वह बिजली के पोल से दूर रहे वहीं अपने पशुओं को भी इनसे दूर रखें।



### पानी भरने के कारण दो स्कूलों की छुट्टी

## बारिश से नारनौंद उपमंडल परिसर के बाहर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

पिछले दिनों हो रही बारिश के कारण उपमंडल परिसर के बाहर खांडा मोड़ सड़क पर पानी जमा हो जाता है। जिसके कारण आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं बारिश का पानी दो स्कूलों में भी भर गया था। जिसके कारण स्कूलों की छुट्टी करनी पड़ी। पिछले दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण आमजन का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नारनौंद के खांडा मोड़ से पेटवाड़ जाने वाले सड़क मार्ग पर उपमंडल परिसर के सामने भारी मात्रा में पानी जमा हो जाता है पानी के कारण वहां बंद हो जाते हैं जिसके कारण आने जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। बारिश का पानी ओरंग शाहपुर के सरकारी स्कूल और राजकीय प्राथमिक पाठशाला नारनौंद में भर गया। जिसके कारण स्कूलों की छुट्टी करनी पड़ी।



नारनौंद। उप मंडल परिसर के बाहर खांडा मोड़ पर सड़क पर जमा पानी में से निकलते राहगीर।

## 11 हजार केवी लाइन के संपर्क में आए बाइक सवार तीन युवकों की मौत, एक झुलसा

- मिर्जापुर रोड पर दर्शन एकेडमी के पास हुआ हादसा, सूचना के पौने घंटे बाद भी बिजली कर्मचारियों ने नहीं हटाई टूटी बिजली की लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मिर्जापुर रोड पर दर्शन एकेडमी के पास मंगलवार की सुबह 11 हजार केवी की लाइन टूटने से वहां से गुजर रहे बाइक सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक युवक झुलस गया। मृतकों की पहचान बरवाला के गांव संदलाना निवासी 37 वर्षीय राजकुमार, उसके 14 वर्षीय भतीजे अमित और सुलखनी गांव निवासी 27 वर्षीय बंटी के रूप में हुई है। घायल गांव किरावड़ निवासी शमशेर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया



हिसार। हादसे के बाद मौके पर पड़े युवकों के शव।

गया है। इस मामले में पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायत पर बिजली निगम के अधिकारियों की लापरवाही की एफआईआर दर्ज करवाई है। मृतकों के शवों को नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम किया गया। जानकारी के अनुसार सुलखनी गांव का बंटी, संदलाना गांव का राजकुमार व भतीजा अमित गोगामेड़ी धोक लगाकर किरावड़ गांव में रिश्तेदार शमशेर के यहां रूक गए थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार सुबह दर्शन एकेडमी के सामने 11 हजार केवी की बिजली की तार टूटकर सड़क पर गिर गई। इस बारे में बिजली निगम अधिकारियों को सूचित भी कर दिया गया। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद निगम अधिकारियों ने काफी देर तक बिजली की लाइन का वहां से नहीं हटाया। इस दौरान बाइक सवार बिजली लाइन के संपर्क में आ गए और हादसे का शिकार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि करीब पौने घंटे तक निगम के कर्मचारी तार हटाने के लिए नहीं पहुंचे। इस हादसे के लिए मृतकों परिजनों ने बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया है।



# लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी हर साल अपने घर पर गणेशोत्सव धूमधाम से मनाती रही हैं। लेकिन, इस बार परिवार में करीबी के निधन के शोक के कारण उन्होंने अपने घर पर गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित नहीं की। इसके बावजूद मंगलवार को शिल्पा मुंबई के फेमस लालबागचा राजा पंडाल पहुंचीं और बप्पा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। शिल्पा इस दौरान अपनी करीबी दोस्त आकांक्षा मल्होत्रा के साथ नजर आईं। पंडाल में मौजूद भारी भीड़ के बीच दोनों ने श्रद्धापूर्वक गणपति की आराधना की। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी पारंपरिक लुक में दिखीं।

लाइफ Style



# कृति

## मेल एक्टर्स को मिलती हैं बेहतर कार-कमरे

कृति सेनन ने बताया कि कैसे फिल्म इंडस्ट्री में फीमेल एक्टर्स की तुलना पर मेल एक्टर्स को बेहतर कमरे और गाड़ियां मिलती हैं। वहीं, एक्ट्रेसेस को सेट पर हीरो से पहले बुला दिया जाता है। बॉलीवुड में कई बार हीरो और हिरोइन को लेकर दी जाती फीस पर डिस्कशन होता रहता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


कई एक्ट्रेसेस का कहना है कि हीरो को उनसे ज्यादा फीस दी जाती है और आज भी ऐसा होता है। अब कृति सेनन ने इस मुद्दे पर बात की और कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि हीरो को बेहतर कार या बेहतर कमरा मिला है। कृति ने यह भी बताया कि कैसे उनकी मां ने उन्हें खुलकर सपना देखने और उसे पूरा करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने कहा कि उनके पैरेंट्स दोनों काम करते थे और घर की जिम्मेदारियों को बराबरी से डिवाइड किया था। इसी वजह से कृति और नुपुर को कभी उनके जेंडर को लेकर रेसट्रिक्टेड नहीं हुआ। कृति ने बताया कि जबकि उनकी मां केवल उनके पढ़ने के हक के लिए लड़ सकीं और उन्होंने अपने हॉबीज को त्याग दिया था। लेकिन, उन्होंने हमेशा कृति को स्वतंत्र रूप से सपने देखने और जो वह चाहती थी उसे करने के लिए मोटिवेट किया है। कृति ने माना कि कई बार उन्हें मेल एक्टर्स के साथ कम्पैरिजन में कम महसूस होता है। वह बोलीं, 'ऐसा कई बार नहीं हुआ, लेकिन छोटी-छोटी चीजें जैसे मेल एक्टर्स को बेहतर कार और बेहर कमरा मिलता है। यहां बात सिर्फ गाड़ी की नहीं, बल्कि मुझे छोटा महसूस करवाने की है, क्योंकि मैं एक महिला हूं। बस इसे इक्वल करना है।'

## हॉलीवुड मसाला



### डांस विद... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड ने एक बार फिर अपने दिग्गज सितारे को खो दिया है। मशहूर कनाडाई मूल के अभिनेता ग्राहम ग्रीन का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने कई छोटे-मोटे काम किए। थियेटर से शुरुआत करने के बाद 1979 में उन्होंने टीवी शो द ग्रेट डिटेक्टिव से डेब्यू किया। 1983 में आई फिल्म रनिंग ब्रेव से उन्होंने बड़े पर्दे पर कदम रखा। ग्रीन के कॅरियर को असली मुकाम 1990 में मिला, जब उन्होंने केविन कॉस्टनर की फिल्म डांस विद वोल्वस में किकिंग बर्ड का किरदार निभाया।



### केल्सी बेटमैन रॉक ऑफ लव से हुई थीं चर्चित

**लॉस एंजिल्स।** ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव की कंटेस्टेंट रहीं केल्सी बेटमैन का 39 वर्ष की आयु में निधन हो गया। केल्सी बेटमैन ने साल 2009 में प्रसारिती हुए ब्रेट माइकल्स के रियलिटी शो रॉक ऑफ लव के तीसरे और आखिरी सीजन में भाग लिया था। इस शो में माइकल्स की प्रेमिका बनने के लिए 23 महिलाओं के बीच भिड़ंत थी, जिसमें एक प्रतियोगी के रूप में केल्सी बेटमैन भी शामिल थीं। उस समय, वह 21 वर्ष की थीं और शो की सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। बेटमैन उस शो में शीर्ष 10 तक पहुंच गई थीं, लेकिन सातवें एपिसोड में वो बाहर हो गई थीं। आपको बताते चलें कि शो के फाइनल में, ब्रेट माइकल्स ने ताया पार्कर को अपनी प्रेमिका के रूप में चुन लिया था। हालांकि, रॉक ऑफ लव के प्रशंसक केल्सी को शो के अंतिम सीजन के हिस्से के रूप में याद करते हैं।



## ये मेरा हुस्न गाने में हरनाज का जलवा

**मुंबई।** 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही बागी 4 के निर्माताओं ने मंगलवार को इस फिल्म का एक नया गाना 'ये मेरा हुस्न' रिलीज किया है, जिसमें हरनाज कौर संधू का किलर डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। साजिद नाडियाडवाला और टाइगर श्रॉफ की एक्शन फिल्म के इस गाने में हरनाज कौर संधू ने अपने हॉट मूव्स से धमाल मचा दिया है। सुनहरी रेत और समुद्र की लहरों में फिल्माए गए इस गाने में हरनाज ने बॉस्को मार्टिस की शानदार कोरियोग्राफी पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी है। गाने को शिल्पा राव की मखमली आवाज, तनिष्क बागची के संगीत और समीर अंजान के बोलों ने और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने में संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ भी अपने दमदार अंदाज में नजर आए, जिससे दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है।



## सॉन्ग्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज का प्रीमियर

**मुंबई।** अनुपर्णा रॉय के निर्देशन में बनी डेब्यू फीचर फिल्म 'सॉन्स ऑफ फॉरगॉटन ट्रीज' का 82वें वेनिस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हाउसफुल प्रीमियर हुआ। यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसका विश्व प्रीमियर इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में किया गया है। इस फिल्म को फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा सहयोग प्राप्त है। फिल्म को मिली इस शानदार प्रतिक्रिया पर उन्होंने खुशी जताई है। उन्होंने कहा, 'अनुपर्णा और उनकी टीम के लिए यह देखकर बहुत अच्छा लगा, जिन्होंने आज के जमाने में एक ऐसी फिल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो मैं 25 साल पहले भी नहीं कर पाता। मुझे यकीन है कि इस फिल्म का दुनिया तक पहुंचने का सफर लंबा है और वह निश्चित रूप से भारत की अगली मजबूत आवाज हैं।'

## टीवी मसाला



### केबीसी के ज्योतिषी कंटेस्टेंट ने बता दिया अमिताभ का भविष्य

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड्स के इंट्रेस्टिंग प्रोमोज चैनल ने पोस्ट किए हैं। एक प्रोमो में दिखाया गया कि अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट ऐस्ट्रोलॉजी के स्टूडेंट निकलते हैं। बिग बी उनसे अपने बारे में पूछते हैं और यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि आदित्य ने उनकी कुंडली देख रखी है, जो कि इंटरनेट पर मौजूद है। अमिताभ बच्चन आदित्य की एजुकेशन देखकर इम्प्रेस हो जाते हैं। वह बोलते हैं, 'मान्यवर इतनी शिक्षा आप प्राप्त कर रहे हैं तो यहां क्या कर रहे हैं?' बिग बी आदित्य की डिग्रियां गिन रहे होते हैं तभी पता चलता है कि वह वैदिक ऐस्ट्रोलॉजी भी पढ़े हैं। ऐस्ट्रोलॉजी सुनते ही अमिताभ बच्चन मुस्कुराते हैं। फिर बोलते हैं, 'तो आप बता सकेंगे कि क्या हो रहा है देश में। सर हमारे बारे में कुछ बताएंगे? भविष्य में हमारा कुछ ठीक-ठाक चलेगा?' आदित्य जवाब देते हैं, बहुत बढ़िया सर। इस पर अमिताभ बच्चन पूछते हैं कि आपको कैसे पता कि हमारा सब ठीक-ठाक होगा। इस पर आदित्य बताते हैं, 'सर जब हम पढ़ते हैं ना तो हमको कुछ सैंपल चार्ट्स मिलते हैं जिनको हम स्टडी करते हैं।' अमिताभ बच्चन पूछते हैं, कौन सा चार्ट तो आदित्य बताते हैं, जन्मकुंडली। अमिताभ बच्चन हैरान होकर बोलते हैं, हमारी जन्मकुंडली आपको कैसे मिल गई? आदित्य बताते हैं, 'सर इंटरनेट पर अवेलेबल है।' अमिताभ बच्चन चौंककर बोलते हैं, क्या बात कर रहे हैं? एक और प्रोमो में दिखाया जाता है कि आदित्य अमिताभ बच्चन को बताते हैं कि वह उनकी ड्रेसिंग सेंस के फैन हैं। उन्होंने कई जगह बिग बी को कॉपी किया है। उनकी तस्वीरें भी दिखाई जाती हैं, जब वह अमिताभ बच्चन जैसे कपड़े पहने हैं। इन्हें देखकर बिग बी बोलते हैं कि बस चश्मा अलग है। वहीं, यह भी बताते हैं कि उनके तो कपड़े खुद के नहीं होते, बल्कि सरकारी यानी प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलते हैं।

### मृदुल ने कुनिका को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' में एंट्री के बाद से ही कुनिका सदानंद काफी डॉमिनेटिंग अंदाज में सामने आई हैं। ताजा प्रोमो वीडियो में मृदुल तिवारी कुनिका को ऐसा जवाब देते नजर आ रहे हैं जिस पर जोरदार तालियां बजीं। उधर, बिग बॉस ने घर का एक बिलकुल नया हिस्सा खोल दिया है जिसका सीधा असर एविक्शन पर पड़ेगा। दरअसल, जब बिग बॉस ने किसी एक खिलाड़ी को घर से बाहर करने के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू करवाई तो जहां नेहल ने अभिषेक और बजाज को निशाना बनाया और कहा कि उनका दिमाग बहुत बच्चों वाला है तो वहीं कुनिका सदानंद ने मृदुल को नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान मृदुल को 'बिन पेंदी का लोटा' कह दिया। इस पर मृदुल ने फौरन जवाब दिया- क्योंकि आपके साथ नहीं लुढ़क रहा? इस पर कुनिका ने पलटवार किया और कहा- जहां मैजोरिटी देखते हो चले जाते हो।



## अमेरिका में पायर का डंका तीन बड़े शहरों में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विनोद कापड़ी निर्देशित फिल्म पायर कई विदेशी फिल्म फेस्टिवल में उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। इस फिल्म का वर्ल्ड टूर जारी है। कई देशों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड जीतने के बाद भारतीय फिल्म 'पायर का सितंबर में अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी, बॉस्टन और शिकागो में प्रीमियर होगा। अमेरिका के प्रतिष्ठित वॉशिंगटन डीसी साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल का समापन 7 सितंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी के निर्देशन में बनी फिल्म पायर के प्रदर्शन के साथ होगा।



***फिल्म के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि :*** इसके बाद 14 सितंबर को आठवें इंडिया इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ बोस्टन की समापन फिल्म के तौर पर भी पायर का चयन किया गया है। फिर अमेरिका के लोकप्रिय 16वें शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में 21 सितंबर को इस फिल्म को दिखाया जाएगा। पायर पहली भारतीय फिल्म है, जो एक महीने के अंदर अमेरिका के तीन बड़े शहरों के फिल्म फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित हो रही है।

***फिल्म को मिल चुके हैं कई अवॉर्ड :*** जुलाई में पायर ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 2025 के भारतीय फिल्म महोत्सव में बैंड जूरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीता था। फिल्म ने स्पेन और ब्रिटेन में भी चार सर्वश्रेष्ठ फिल्म के अवॉर्ड जीते थे। सिर्फ एक महीने में पायर को पांच अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। इनमें तीन सर्वश्रेष्ठ फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड शामिल हैं।

## शिकागो फिल्म फेस्टिवल में बन टिक्की और साली मोहब्बत को मिली जगह

**मुंबई।** फैशन की दुनिया से फिल्मों के गलियारों तक अपनी अलग पहचान बना चुके मनीष मल्होत्रा की फिल्में इन दिनों चर्चाओं में हैं। मशहूर डिजाइनर से फिल्म प्रोड्यूसर बने मल्होत्रा की दो फिल्में- साली मोहब्बत और बन टिक्की को शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में आधिकारिक रूप से चुना गया है। यह किसी भी प्रोड्यूसर के लिए बड़ा सम्मान है और मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर इस सफलता को साझा करते हुए इसे गर्व का पल बताया।

***साली मोहब्बत से होगी फेस्टिवल की शुरुआत :*** इस बार फेस्टिवल का आगाज साली मोहब्बत से होगा। अभिनेत्री तिस्का चोपड़ा ने पहली बार निर्देशन की कमान संभालते हुए इस फिल्म को बना रही हैं। फिल्म घरेलू हिंसा,




भावनात्मक विश्वासघात और स्त्री की आवाज को दोबारा पाने के संघर्ष की कहानी बयां करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन के बीच की धुंधली रेखाओं पर खड़ी एक महिला का संघर्ष इस फिल्म की रीढ़ है। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मनीष मल्होत्रा ने किया है। कलाकारों की बात करें तो इसमें राधिका आप्टे, दिव्येंदु, शरत सक्सेना, अंशुमान पुष्कर, सौरसेनी मैत्रा और फिल्मकार अनुराग कश्यप भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस दमदार स्टारकास्ट के साथ फेस्टिवल की ओपनिंग फिल्म के तौर पर 'साली मोहब्बत' का चयन, मनीष मल्होत्रा के प्रोडक्शन करियर के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### बन टिक्की में नजर आएंगी दिग्गज अभिनेत्रियां

फेस्टिवल में दिखाई जाने वाली दूसरी फिल्म है बन टिक्की। यह फिल्म एक कमिंग-ऑफ-एज स्टोरी है जो परिवार, रिश्तों, प्रेम और पहचान जैसे संवेदनशील विषयों पर केंद्रित है। निर्देशक फराज आरिफ अंसारी की इस फिल्म में सिनेमा जगत की दिग्गज अदाकाराएं शबाना आजमी और जीनत अमान लंबे समय बाद साथ नजर आएंगी। इनके साथ अभय देओल, नुश्रत भरुचा और नए कलाकार रोहान सिंह भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। बन टिक्की का वर्ल्ड प्रीमियर इसी साल जनवरी में पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में हो चुका है और अब शिकागो में इसकी स्क्रीनिंग से फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी पहचान मिलने की उम्मीद है।

### गुस्ताख इश्क से करेंगे डेब्यू

ध्यान देने वाली बात यह भी है कि मनीष मल्होत्रा ने बतौर प्रोड्यूसर अपनी यात्रा की शुरुआत फिल्म 'गुस्ताख इश्क- कुछ पहले जैसा' से कर रहे हैं। विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत यह फिल्म इसी साल नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## शुरुआती सफर था संघर्ष भरा, एक ही हसीना संग दी 29 सुपरहिट

# ये है देश का पहला महानायक, जिसके नाम पर है बड़ा मेट्रो स्टेशन

***नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन को आज बॉलीवुड का महानायक, सदी का पहला सुपरस्टार कहा जाता है। बिग बी ने दशकों लंबे कॅरियर के दौरान कई सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। अमिताभ के फिल्मों में कदम रखने से सालों पहले एक सुपरस्टार ऐसा था जिसे सबसे पहले महानायक का उपनाम मिला था। ये अभिनेता बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहलाते हैं। इनका प्रभाव और स्टारडम ऐसा था कि उनके नाम पर मेट्रो स्टेशन भी है। आज यहां जिस सुपरस्टार की बात कर रहे हैं वो महानायक उत्तम कुमार हैं। 3 सितंबर को महानायक उत्तम कुमार की बर्थ एनिवर्सरी है। उनका जन्म 1926 में कोलकाता के साधारण से परिवार में हुआ था। कला और अभिनय के प्रति उनका बचपन से ही रुझान था। वो बंगाली परिवार में जन्में थे जहां उन्हें बचपन से ही ऐसा माहौल मिला कि उनकी आर्ट और थिएटर के प्रति दिलचस्पी उतपन्न होने लगी थी।*

### सपनों के लिए कुर्बान कर दी थी नौकरी

महानायक घर चलाने के लिए क्लर्क की नौकरी करते थे, लेकिन उन्होंने अभिनय के प्रति अपने झुकाव को कभी खत्म नहीं होने दिया। एक्टिंग के प्रति उनका कुछ ऐसा जुनून था कि वो दिन में क्लर्क की नौकरी और शाम को थिएटर्स किया करता था। अपनी जुनूनियत के चलते एक्टर ने एक दिन सबकुछ ताक पर रखते हुए फिल्मों की दुनिया में कदम रखा, लेकिन उनकी शुरुआत आसान नहीं थी। आज हिंदी और बंगाली सिनेमा के धरोहर माने जाने वाले उत्तम कुमार को एक समय पर फ्लॉप कलाकार कहा जाता था।



### हिंदी और बंगाली सिनेमा में अतुल्नीय योगदान

महानायक उत्तम कुमार ने हिंदी फिल्मों के साथ ही बंगाली सिनेमा में भी अतुल्नीय योगदान दिया था। सिनेमा और कला के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करते हुए कोलकाता में उनके नाम का मेट्रो स्टेशन है। टॉलीगंज मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर महानायक उत्तम कुमार रखा गया है।

### मिला फ्लॉप जनरल मास्टर का टैग

उन्होंने लगातार एक के बाद एक इतनी फ्लॉप फिल्में दी कि उनका दूसरा नाम ही 'फ्लॉप जनरल मास्टर' पड़ गया था। कमर्शियल सक्सेस ही इस जिल्लत से छुटकारा पाने का उत्तम कुमार के पास इकलौता रास्ता था। लगातार सात फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगाने के बाद उत्तम कुमार ने दमदार वापसी की। उनकी किस्मत का सिक्का ऐसा पलटा कि फ्लॉप स्टार उत्तम साहब ने एक के बाद एक 10 सुपरहिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ आलोचकों की बोलती बंद करा दी।

### अरुण कुमार था असली नाम

एक्टर की फिल्मों के फैन भी शायद उनके असली नाम से वाकिफ नहीं होंगे। उत्तम कुमार और महानायक के उपनाम से मशहूर अभिनेता का असली नाम अरुण कुमार चटोपाध्याय था।

### सुचित्रा सेन का साथ मिलते ही चमक उठी थी किस्मत

1952 में आई फिल्म 'बासु परिवार' उत्तम कुमार के कॅरियर की पहली हिट थी। इस बंगाली फिल्म से उन्होंने पहली बार सफलता का स्वाद चखा था। लेकिन, उनको असल पहचान साल 1953 में आई फिल्म शेरी चुआटोर से मिली। वो एक्ट्रेस सुचित्रा सेन को अपनी किस्मत की चाबी मानते थे। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र भी किया था कि अगर सुचित्रा सेन से उनकी मुलाकात नहीं होती, तो शायद वो कभी महानायक नहीं बन पाते। एक्टर ने सुचित्रा सेन के साथ 30 फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया था, जिनमें से 29 फिल्में हिट रही थीं।

## खबर संक्षेप

### साउथ बाइपास पर स्ट्रीट लाइट की समस्या

**हिसार।** आजाद नगर सुधार समिति के प्रधान सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि शहर के साउथ बाइपास पर राजगढ़ रोड़ नाका से शुरू होकर बालसमंद मार्ग तक की लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी सडक़ पर स्ट्रीट लाइट न होने की समस्या ने यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### बाबा रामदेव का जागरण एवं भंडारा लगया

**आदमपुर।** बस स्टैंड स्थित बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में सोमवार को रात्रि बाबा रामदेव का विशाल जागरण आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सहयोगी महावीर मंडैया ने बताया कि इस मौके पर राजस्थानी गायक बेदी घुडसाल पार्टी, पूनम मीर, बलवंत प्रजापत एवं हरियाणवी गायक प्रदीप शर्मा ने सुंदर शब्दों में बाबा रामदेव का गुणगान करके सबका मनमोहन लिया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने लंगर ग्रहण किया तथा दसमी मंगलवार को हजारों भक्तों ने बाबा रामदेव के दर्शन किए और पूजा की।

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोपी काबू

**हांसी।** आर्थिक अपराध शाखा पुलिस ने आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के लुधियाना निवासी अर्शदीप के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा पुलिस में तैनात एएसआई संजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने वर्ष 2024 में हांसी की विश्वकर्मा कॉलोनी जानवी पुत्री प्रवीन को विदेश आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 22 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी।

### स्कूली बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**हिसार।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को नगर निगम द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय सातरोड में विद्यार्थियों और स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान उन्हें खुले में कचरा न डालने, और गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू और हरेराम ने छात्रों व शिक्षकों को स्वच्छता अभियान की जानकारी दी और स्वच्छता के महत्व को समझाया।

### 30 लाख की धोखाधड़ी मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** आर्थिक अपराध शाखा द्वारा धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि प्राप्त शिकायत में शिकायतकर्ता मंजू देवी पत्नी सतपाल सिंह निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सिरसा रोड ने आरोप लगाया था कि गैबीपुर निवासी नीरज उर्फ लक्की पुत्र जगदीश कथूरिया ने झूठे बहाने बनाकर और व्यापार में निवेश का झांसा देकर उनसे लगभग 30 लाख रुपये हड़प लिए। शिकायत के अनुसार आरोपी ने रकम लौटाने के बजाय शिकायतकर्ता पर दबाव बनाया और बाद में धमकियां देने लगा।

## डीसी ने मामलों की सूक्ष्मता से निगरानी करने के दिए सख्त निर्देश

# 10 माह से अधिक गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण करने वाली वर्कर्स को नोटिस

- जिला स्तरीय नार्कोटिक्स समन्वय समिति तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा बैठक आयोजित
- 34 आशा वर्कर्स पर लगाई पेनल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) तथा पीसीपीएनडीटी व एमटीपी एक्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने पीसीपीएनडीटी और एमटीपी एक्ट की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम और बेहतर लिंगानुपात के लिए किए गए प्रभावी कदमों की समीक्षा की गई। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी प्रत्येक सप्ताह एएनएम और आशा वर्करों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि 10 माह से अधिक गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण करने वाली 15 एएनएम तथा 34 आशा वर्करों को नोटिस दिए गए थे। इनमें से 34 पर पेनल्टी लगाई गई है। इस पर उपायुक्त ने सख्त हिदायत दी कि ऐसे मामलों की सूक्ष्मता से निगरानी की जानी चाहिए।



**हिसार ।** जिला स्तरीय एनकॉर्ड तथा पीसीपीएडीटी एक्ट की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि

### कम से कम 10 ड्रग पैडलर पर कार्रवाई कर रिपोर्ट करें

*बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि अभी तक लगभग 26 ड्रग पैडलर के संबंध में सूचनाएं मिली हैं। इस पर उपायुक्त अनीश यादव ने पुलिस विभाग को कम से कम 10 ड्रग पैडलर के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट उन्हें देने की हिदायत दी। ड्रग कंट्रोलर को मेडिकल स्टोर्स पर लगातार औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगराधीश हरिराम, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

### नशा प्रभावित व्यक्तियों को फोन लगाकर लें प्रतिक्रिया

इसी प्रकार नार्कोटिक्स समन्वय समिति की समीक्षा के दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बैठक में ही नशा प्रभावित व्यक्तियों को फोन लगाकर प्रतिक्रिया लेने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं ही सूची में से प्रभावित व्यक्ति चिन्हित किए और फिर विभाग के अधिकारियों को उनसे बात करने के लिए कहा। इस दौरान प्रभावित व्यक्तियों से नशा मुक्ति के लिए चल रहे इलाज के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से ली जाने वाले रिपोर्ट के बारे में पूछा गया। प्रभावित व्यक्तियों द्वारा फोन पर दी गई प्रतिक्रियाओं के आधार पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर संतोष जाहिर किया और कहा कि प्रभावित व्यक्तियों के साथ संवाद टूटना नहीं चाहिए।

## जेजेपी जिला अध्यक्ष अमित बूरा ने जिले के गांवों का किया दौरा

# बरसात के कहर में सरकार के दावे फेल : अमित बूरा



: हिसार : जलभराव में ग्रामीणों के साथ खड़े जेजेपी जिलाध्यक्ष अमित बूरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जननायक जनता पार्टी के लिाध्यक्ष अमित बूरा ने कहा है कि भारी बरसात से बाढ़ के हालात कहर ढा रहे हैं परन्तु सरकार लोगों को राहत देने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। अमित बूरा ने की गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से बात की तथा हालात जाने।

उन्होंने जिले के कई क्षेत्रों में लगातार बारिश और टूटी हुई ड्रेनों के कारण बने गंभीर हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि गांवों में किसान पानी भराव और सरकार लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिसार जिले के बरवाला, उकलाना, आर्यनगर, शाहपुर, सीसवाल, लितानी, सुलखनी, राजली, मिर्जापुर सहित सैकड़ों गांव जलभराव से प्रभावित हैं। कई जगहों पर 3 से 5 फुट तक पानी खड़ा है जिसके कारण खेतों की फसलें पूरी तरह डूब गई हैं। रिहायशी इलाकों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और बिजली घरों तक में पानी घुस चुका है।

### प्रशासन दौरे तक सीमित

जेजेपी नेता बूरा ने कहा कि जिला प्रशासन केवल दौरे और बयानबाजी तक सीमित है तथा सरकार के दावे पानी बहते हुए नजर आ रहे हैं।

# हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति

- अनुज शर्मा के नेतृत्व में निर्मित राधा कृष्ण का भव्य फूलों का बंगला आकर्षण का केंद्र रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हनुमान कुरुक्षेत्र सनातन धर्म मंदिर ट्रस्ट नागोरी गेट के तत्वावधान में मंदिर प्रांगण में शिव कुमार मित्तल व नरेश कुमार गर्ग के सान्निध्य में देव पूजन के साथ राधाष्टमी महोत्सव का शुभारंभ किया गया। अनुज शर्मा पुत्र के नेतृत्व में निर्मित राधा कृष्ण का भव्य फूलों का बंगला आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चंद्र चौधरी एडवोकेट व महोत्सव प्रबंधक शिवकुमार मित्तल एडवोकेट ने बताया कि महोत्सव में भजन गायक पवन कुमार बृजवासी (वृंदावन) द्वारा राधा रानी के भजन प्रस्तुत किए गए। एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राधा कृष्ण की मनमोहक लीलाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आरती के पश्चात प्रशाद वितरित किया गया।



**हिसार।** हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली छात्र।

### गुजवि में सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के स्पीकथॉन क्लब द्वारा एनआईआईटी फाउंडेशन (इन्फोसिस फाउंडेशन द्वारा समर्थित) और अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित चार दिवसीय सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण-सह-कैंपस भर्ती प्रशिक्षण (सीआरटी) कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का समापन समारोह चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम के मुख्य हॉल में हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में तथा श्री सीमेंट लिमिटेड के उप महाप्रबंधक (तकनीकी) सुरेश पूनिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने की।

# जूट उत्पाद बनाना पारंपरिक और पर्यावरण के अनुकूल : प्रो. मलिक

- प्रोफेसर मलिक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जूट उत्पाद बनाने की प्रक्रिया पारंपरिक व पर्यावरण के अनुकूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गंगवा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जूट उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया व जूट के विभिन्न उत्पाद बनाने सीखे। शिविर का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. उर्मिला मलिक द्वारा किया गया।

प्रोफेसर मलिक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जूट उत्पाद बनाने की प्रक्रिया पारंपरिक व पर्यावरण के अनुकूल है। इसका उद्देश्य जूट उत्पादों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना, उद्यमियों को कौशल प्रदान करना, आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देना ,व्यवहारिक कौशल पर ध्यान केंद्रित करना, कौशल विकास और नवाचारों की भूमिका पर जोर देना है। डॉ. पूनम व डॉ. मोनिका ने विद्यार्थियों को इस शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर प्रदीप ने बताया उनके संस्थान द्वारा आयोजित किए गए सभी प्रशिक्षण शिविर निशुल्क व अल्पकालिक होते हैं।




**हिसार।** प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

### वर्तमान में डिप्रेशन एक बड़ी समस्या बनी

हिसार। दयानंद महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा महाविद्यालय में मंगलवार को विद्यार्थियों के लिए मेंटल हेल्थ अवेयरनेस एवं साइकोलॉजिकल टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह कहा कि आज के समय में डिप्रेशन एक बड़ी समस्या बन चुकी है और इसे समय रहते पहचानना तथा सही तरीके से डील करना बेहद जरूरी है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया। विद्यार्थियों को परीक्षण के तुरंत बाद उनके परिणाम बताए गए तथा मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने के लिए आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू राठी, लैब अटेंडेंट संदीप कुमार, प्रवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

# रविन्द्र शर्मा प्रधान और सोमबीर मोर बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक हांसी का 17 वां त्रिवार्षिक चुनाव सम्मेलन ब्लॉक प्रधान रविंद्र शर्मा की अध्यक्षता में खांडे वाले हाल में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन जिला प्रधान सुरेंद्र यादव, मेकेनिकल यूनियन के राज्य सचिव संदीप पुनिया व अध्यापक संघ जिला सचिव विनोद कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में प्रधान रविंद्र शर्मा सिंचाई, वरिष्ठ उपप्रधान राजेश शर्मा जनस्वास्थ्य, सचिव सोमबीर मोर बिजली, कैशियर राजेंद्र कुलाना बिजली, सतीश सारस नगरपालिका, मंजीत जांगड़ा बी&आर, रोहित यादव पशुपालन, संदीप, सुनील आईटीआई, दलबीर माथुर वन विभाग, अशोक यादव सिंचाई संजय मुंढाल, श्याम पाल यादव आदि सर्वसम्मति से चुने गए। मंच का संचालन सचिव सोमबीर मोर ने किया। सम्मेलन में सचिव व कैशियर द्वारा तीन साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

### ओशो उपवन में ध्यान शिविर 6 से

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 6 व 7 सितंबर को दो दिवसीय आनंदमय जीवन ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का संचालन आचार्य प्रभाकर करेंगे। ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय ने बताया कि बुद्ध के साधना पथ पर आधारित ध्यान शिविर की शुरूआत 6 सितंबर को होगी। इस दिन प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### सिमिरन कौर का प्यार नी सरया पंजाबी गीत लॉन्च

**हिसार।** पंजाबी म्यूज़िक की पॉवरहाउस, सिमिरन कौर धाडली ने अपना अगला सिंगल, प्यार नी सरया लॉन्च कर दिया है। अपने जबरदस्त ट्रैक्स, शानदार लिरिक्स और निडर आवाज के लिए मशहूर सिमिरन इस बार अपनी सिग्नेचर शैली से कुछ अलग लेकर आई हैं। यह ट्रैक एक मासूम, प्यारभरा गीत पेश करता है, जो प्यार के खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक दिल में उसकी चुभन को बनाकर रखता है। इस गीत को सिमिरन ने ही लिखा और कंपोज किया है। सिमिरन की आवाज में इस गीत के प्रोड्यूसर देसी ट्रैप हैं। सिमिरन ने कहा कि यह गाना मेरे हृदय की उस जगह से निकला है, जो मैंने इससे पहले कभी नहीं दिखाई।

# सतरोल खाप के प्रधान दलबीर का निधन, अंतिम संस्कार आज

- गांव भकलाना निवासी सतरोल खाप के प्रधान दलबीर सिंह खरब पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

सतरोल खाप के प्रधान दलबीर खरब का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भकलाना में बुधवार को किया जाएगा। उनके निधन पर अनेक राजनेताओं और सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है।

गांव भकलाना निवासी सतरोल खाप के प्रधान दलबीर सिंह खरब पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। मंगलवार की दोपहर को उन्होंने अपने आवास जींद में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक गांव भकलाना में किया जाएगा। दलवीर खरब बास्केटबॉल व कबड्डी संघ के अध्यक्ष भी रहे हैं। दो बार छोटू राम जाट शिक्षण संस्थान जींद के प्रधान भी रह चुके थे। फिलहाल वे देश की विख्यात सतरोल खाप के प्रधान थे। उन्होंने खाप को बुलंदियों पर ले जाने का काम किया। उनके जाने से पूरे समाज को अपूर्णीय क्षति हुई हैं।



दलबीर खरब (फाइल फोटो)

उनके निधन पर प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु, विधायक जस्सी पेटवाड़, सोनिया दुहन, दिलबाग ढांडा, डॉ. राजबीर मोर, उमेद लोहान, अमित बूरा, हर्ष पेटवाड़ सहित अनेक नेताओं और सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### विनोद हत्या प्रकरण में 5वां आरोपी काबू, 2 दिन के रिमांड पर

**हिसार।** थाना सदर पुलिस द्वारा लाडवा निवासी विनोद हत्या प्रकरण में पांचवें आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान खरड़ अलीपुर निवासी नसीब के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि उक्त आरोपी नसीब लाडवा निवासी विनोद की हत्या वारदात में शामिल था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि वारदात से संबंधित तथ्यों की गहनता से जांच की जा सके। इस प्रकरण में पूर्व में चार आरोपी लाडवा निवासी साहिल, भगाना निवासी जितेंद्र, लाडवा निवासी सचिन उर्फ चीना तथा अलीपुर निवासी सुनील उर्फ मंत्री को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल 5 आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं।

### जलभराव के चलते सीएचसी को किया पीएचसी बिच्छपडी में शिफ्ट

**बरवाला।** लगातार कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते बरवाला शहर का सामुद्रिक स्वास्थ्य केंद्र कम उपमंडल नागरिक अस्पताल बारिश के पानी से पूरी तरह से डूब चुका है। इस अस्पताल की पूरी बिल्डिंग में पानी ही पानी हो गया है । इस अस्पताल के सारे सामान को पीएचसी बिच्छपडी में भेज दिया गया है । अब पीएचसी बिच्छपडी में ही महिलाओं की डिलीवरी होगी और रोगियों की एमएलआर काटी जाएगी। हेल्थ इंस्पेक्टर विनय सेतिया ने बताया कि फिलहाल उपस्वास्थ्य केंद्र को लक्ष्मी विहार कम्युनिटी सेंटर बरवाला में तब्दील कर दिया गया है। इसी कम्युनिटी सेंटर में ही ओपीडी की जाएगी और स्वास्थ्य कैंप लगाए जाएंगे।



**बरवाला।** सीएचसी कम उपमंडल नागरिक अस्पताल बरवाला पूरी तरह से जलमग्न फोटो : हरिभूमि

## हिसार व आसपास के क्षेत्रों में टूटी हुई ड्रेनों के कारण बने हालात गंभीर

# बारिश व बाढ़ से बिगड़े हालात पर सरकार पूरी तरह नाकाम : खोवाल

- किसान, ग्रामीण और शहरी नागरिक सभी पानी भराव और प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लीगल डिपार्टमेंट के चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने प्रदेश और खासकर हिसार जिले और आस-पास के क्षेत्रों में लगातार बारिश और टूटी हुई ड्रेनों के कारण बने गंभीर हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आज किसान, ग्रामीण और शहरी नागरिक सभी पानी भराव और प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिसार जिले के बरवाला, उकलाना, आर्यनगर, शाहपुर, सीसवाल, लितानी, सुलखनी, राजली, मिर्जापुर सहित सैकड़ों गांव जलभराव से प्रभावित हैं। कई जगहों पर 3 से 5 फुट तक पानी खड़ा है जिसके कारण खेतों की फसलें पूरी तरह डूब गई हैं, रिहायशी इलाकों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और बिजली घरों तक में पानी घुस चुका है।

### बाढ़ग्रस्त इलाकों में सहायता करने के लिए दवाई पहुंचाने का चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

तेज बारिश के कारण पंजाब सहित प्रदेश के भी काफी हिस्सों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में उन लोगों तक सहायता पहुंचाने के लिए क्षेत्र के कुछ समाजसेवक लोगों ने शहर में एक अभियान चलाकर दवाइयां इकट्ठी की यह सभी दवाइयां उसे क्षेत्र में भेजी जाएगी। समाजसेवी मुकेश लोहान, कृष्ण माजरा, संतोष देवी इत्यादि ने बताया कि बारिश के कारण अनेक क्षेत्रों में बाढ़ आ चुकी है। हमारे पड़ोसी राज्य पंजाब की स्थिति तो और भी बदहाल हाल है। ऐसे में उन लोगों की सहायता के लिए दवाइयां इकट्ठी करने का निर्णय लिया गया शहर के सभी हॉस्पिटल और मेडिकल स्टरों पर जा जाकर अलग-अलग प्रकार की दवाइयां इकट्ठी की जा रही है यह सभी दवाइयां बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में भेज दी जाएगी।



**नारनौंद।** मेडिकल स्टोरों पर दवाइयां इकट्ठी करते हुए मुकेश लोहान व अन्य।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान गगनदीप उर्फ गुन्नी निवासी मॉडल टाउन के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। जांचकर्ता मुख्य सिपाही राज सिंह ने जानकारी दी कि थाना अर्बन एस्टेट में न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन निवासी मोहित द्वारा गत 18 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई गई थी।

**सूचना**

मैं, शलोनी पुत्री श्री वजीर निवासी रामायण तहसील हांसी जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरा नाम शलोनी (Shaloni), मेरे पिता जी का नाम वजीर (Wazir) तथा मेरी माता जी का नाम राजबाला (Rajbala) व जन्म तिथि दिनांक 20.06.2006 है। अब मैं मेरा नाम स्कूल रिकॉर्ड व शिक्षा बोर्ड में अपना नाम जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार दर्ज करवाना चाहती हूं।

## शहर में हर तरफ नजर आ रहा पानी ही पानी, लगातार हो रही बरसात ने किसानों की बढ़ाई मुसीबत

# तीन दिन से हो रही बरसात से हांसी हुआ जलमग्न

### भाटला स्थित 33 केवी सब स्टेशन में जलभराव से एक दर्जन गांवों की बत्ती गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हांसी क्षेत्र में लगातार तीन दिन से हो रही भारी बरसात के चलते शहर के साथ गांवों में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। खेतों में हुए जलभराव से गांव ढंढेरी में आठ मकान गिर गए। जबकि 20 के करीब मकानों की हालात ऐसी है कि वे कभी भी गिर सकते हैं तथा खेतों के समीप बनाए गए 40 मकानों में दरारें आ चुकी है। वहीं भाटला गांव के 33 केवी सब स्टेशन में जलभराव होने से करीब 12 गांवों की पिछले 48 घंटों से बिजली सप्लाई बाधित है तथा चैनत गांव में जलभराव के चलते लोग अपने मकान छोड़ कर रिश्तेदारों के घर पनाह लेने लगे हैं। उपमंडल में रविवार सुबह से रुक रुक कर हो बरसात ने शहरवासियों के साथ साथ ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया बरसात के बाद शहर में हुए जलभराव ने उनकी दिक्कतों को एक बार फिर बढ़ा दिया। वहीं बरसात व जलभराव ने किसानों की दिक्कतों को बढ़ा दिया है। जलभराव के चलते लोगों के समक्ष पशु चारे का संकट खड़ा हो गया। वहीं खेतों में जमा बरसाती पानी के चलते किसानों की धान, कपास, ज्वार, बाजरा सहित अन्य फसलें खराब हो चुकी हैं। तथा उपमंडल के गांवों चैनत, भाटला, रामायण, देपल, ढंढेरी, ढाणा कलां, ढाणा खुर्द, महेंदा, जमावड़ी, कुंभा, थुराना, भाटोल, गढ़ी, जीत पुरा, सिंघवा, गिराए, राजली सहित कई ढाणियां के खेतों में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के चलते किसानों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बरसात के बाद शहर के अधिकांश हिस्सों मे जलभराव हो जाने के चलते शहर में बाढ जैसे हालात नजर आए। वहीं जलभराव के चलते शहर के बाहरी एरिया में मंगलवार को आधे से ज्यादा दुकानें बंद रहीं। निचली बस्तियों के घरों व दुकानों में पानी घुस गया जिससे घरों व दुकानों में जमीन पर रखा सामान खराब हो गया।

**खेतों में जलभराव से खरीफ की फसल बर्बादी के कगार पर**



हांसी। जलभराव के कारण बंद पड़ी दुकानें। फोटो : हरिभूमि

### बस स्टैंड परिसर में भरा दो फुट पानी

बरसात के बाद बस स्टैंड पर पानी निकासी की व्यस्था ठप होने के कारण बस स्टैंड परिसर में करीब दो फुट पानी जमा हो गया। बस स्टैंड परिसर में पानी जमा होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा तथा बस स्टैंड में जलभराव के चलते बस चालकों को बसें बूथों पर लगाने की बजाय बस स्टैंड गेट के बाहर शहर के अंदर से गुजरने वाले राजमार्ग पर ही खड़ा कर यात्रियों को उतारना व बैठाना पड़ा।

### भाटला 33 सब स्टेशन में हुआ जलभराव

*क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात के चलते बरवाला रोड़ स्थित गांव भाटला में 133 केवी सब स्टेशन में जलभराव हो जाने के चलते सब स्टेशन से जुड़े एक दर्जन से अधिक गांवों की पिछले 48 घंटों से बत्ती गुल है। जिसके चलते खेतों और गांव में बरसाती पानी की निकासी का कार्य प्रभावित हो रहा है। हालांकि प्रशासन द्वारा सब स्टेशन में जलभराव को रोकने के लिए मिट्टी से भरे कट्टे रखवाकर कंट्रोल रूम से बरसाती पानी निकाल बिजली सप्लाई सुचारू किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।*

## डीसी ने अधिकारियों संग जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लिया स्थिति का जायजा

- चैनत तथा भाटला गांव के रिहायशी क्षेत्रों तथा खेतों में भी पहुंचे डीसी, दोनों गांवों के किसानों तथा ग्रामीणों से की बातचीत
- चैनत गांव में अस्थाई ड्रेन बनाने का काम आज ही पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जिला उपायुक्त अनीश यादव ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर उपमंडल के चैनत व भाटला गांवों का दौरा कर जल भराव की स्थिति तथा जल निकासी को लेकर प्रशासन द्वारा किए गए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। दौरे के दौरान एसडीएम राजेश खोथ भी उनके साथ रहे। डीसी अनीश यादव इस दौरान दोनों गांव के रिहायशी तथा खेतों में पहुंचे और लगभग एक दर्जन स्थानों पर रुक कर ग्रामीण तथा किसानों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए की लोगों की मांग के अनुरूप अधिक जल भराव वाले क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए अतिरिक्त प्रबंध करना सुनिश्चित करें। डीसी तथा एसडीएम भाटला पावर हाउस भी पहुंचे। वहां जल निकासी के लिए दो डीजल पंप सेट तथा दो ट्रैक्टर चलित पंप सेट संचालित मिले। एसडीएम ने डीसी को बताया कि पिछले 2 दिनों से पावर हाउस से जल निकासी का कार्य निरंतर जारी है।


हांसी। जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेते डीसी अनीश यादव उनके साथ है एसडीएम राजेश खोथ। फोटो : हरिभूमि

### आबादी क्षेत्र तथा पावर हाउस के आसपास लगाए जा रहे 1000 मिट्टी भरे कट्टे

*इस दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने उपायुक्त अनीश यादव को बताया कि गांवों के रिहायशी क्षेत्रों तथा पावर हाउस में और अधिक पानी का भराव ना हो इसके लिए उनके आसपास मिट्टी से भरे कट्टे लगाए जा रहे हैं। फिलहाल 1000 कट्टो की व्यवस्था करवाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आवश्यकता अनुसार कट्टों की संख्या को बढ़ाया जाएगा।*

### बालसमंद नहर पर जल निकासी क्षमता बढ़ाने के निर्देश

*डीसी यादव ने कहा कि चैनत गांव से जल निकासी को लेकर बनाई जा रही अस्थाई ड्रेन को आसपास पड़ने वाली ड्रेन से जोड़ा जाएगा। इसके बाद इस पानी को बालसमंद नहर में डाला जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बालसमंद नहर पर स्थापित जल निकासी व्यवस्था की क्षमता को 130 से बढ़ाकर 200 क्यूसेक करे। इस पर अधिकारियों ने डीसी को बताया कि इस परियोजना पर काम शुरू हो चुका है और जल्दी ही शुरू कर दिया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### आईबी मैकेनिकल ब्रांच का दूसरे दिन भी धरना जारी

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की आईबी मैकेनिकल ब्रांच का सिंचाई विभाग परिसर में धरना मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद फौजी ने की तथा संचालन विनोद भाटिया ने किया। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि जब कर्मचारियों ने भ्रष्ट अधिकारियों के घोटाले को उजागर करने की बात कही तो उन्हें प्रताड़ति करना शुरू कर दिया है।

### अवैध शराब की 12 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान किला बाजार पुलिस चौकी ने अवैध देसी शराब के 12 बोतल के साथ ढाणी गुजरान निवासी प्रताप को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी किला बाजार में तैनात एएसआई रमेश कुमार ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान चोपटा बाजार में एक व्यक्ति को शक के आधार पर रोक कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से अवैध देसी शराब की 12 बोतल बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी को शराब सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना शहर हांसी में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लिया गया है।

### खुले में कचरा फेंकने पर चार का काटा चालान

**हिसार।** नगर निगम ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को निगम की टीम ने रेड स्क्वेयर मार्केट, ग्रीन स्क्वेयर मार्केट और कैमरी रोड पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान रेड स्क्वेयर और ग्रीन स्क्वेयर मार्केट में दुकानों में डस्टबिन न रखने पर तीन दुकानदारों के 100-100 रुपये के चालान काटे गए। वहीं, कैमरी रोड पर मेडिकल स्टोर द्वारा खुले में कचरा फेंकने पर भी चालान किया गया।

### बरवाला चुंगी व डाबड़ा चौक पुल के नीचे से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार नगर निगम की तहबाजारी टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने अभियान निरंतर जारी है। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि बरवाला चुंगी ओवरब्रिज के नीचे से अतिक्रमण हटाया। इसके अलावा टीम ने डाबड़ा चौक पुल के नीचे बनी ग्रीन बेल्ट से अतिक्रमण हटाया गया।

## किरण इंडोनेशिया शिखर सम्मेलन में लेगी भाग

- शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा किरण अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया जाएंगी। यह शिखर सम्मेलन इंडोनेशिया की बोगर में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा को चयन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इन्दिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि किरण सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा है।


हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्रा किरण व अन्य अधिकारी।

### पोषण-कुपोषण की रोकथाम पर शोध प्रस्तुत करेंगी

*डॉ. अतुल ढींगड़ा ने बताया कि टोक्यो कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इंडोनेशिया के बोगर स्थित आईपीबी विश्वविद्यालय में खाद्य, कृषि और पर्यावरण पर 24वें अंतरराष्ट्रीय छात्र शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 19 देशों के 23 विश्वविद्यालयों से 26 प्रस्तुतकर्ता चुने गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि छात्रा किरण सतत पोषण-कुपोषण की रोकथाम और सामुदायिक सशक्तिकरण के उपाय के रूप में बाजरा विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगी। समन्वयक डॉ. मंजूनाथ भी इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।*

## स्विमिंग में आरआर क्लब के तैराकों ने दिखाई प्रतिभा

- स्वतंत्र, सोनाक्षी, वीनस, आरोही व ओजस्वी रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

आरआर स्विमिंग क्लब के तैराकों ने हाल ही में आयोजित सहोदय प्रतियोगिता और जिला स्विमिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट सफलता हासिल की। क्लब के तैराकों ने कई इवेंट्स में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। स्वतंत्र ने बैकस्ट्रोक में प्रथम और द्वितीय स्थान तथा इंडिविजुअल मेडले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं माहिरा सिंह ने रिले और बटरफ्लाई में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित किए। सोनाक्षी ने रिले और ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किए जबकि प्रत्याशा ने रिले और बटरफ्लाई स्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वीनस ने बटरफ्लाई और रिले में द्वितीय और तृतीय स्थान, अबीश ने बैकस्ट्रोक और इंडिविजुअल मेडले में द्वितीय और तृतीय स्थान और सौम्या ने ब्रेस्ट स्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरोही ने फ्रीस्टाइल और रिले में प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया जबकि अरियाना ने बटरफ्लाई स्ट्रोक में द्वितीय स्थान हासिल किया।


हिसार। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### अनुष्का फ्रीस्टाइल में रही तृतीय

ओजस्वी ने बैकस्ट्रोक के सभी इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया और अनुष्का ने फ्रीस्टाइल में तृतीय स्थान पाया। दीक्षित ने अपने आयु वर्ग में बेस्ट स्वीमर का खिताब जीता, सभी इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त कर। दिव्यांशिका ने बटरफ्लाई स्ट्रोक में प्रथम और फ्रीस्टाइल में द्वितीय स्थान, कीर्ति मलिक ने फ्रीस्टाइल में तृतीय स्थान और दैविक ने फ्रीस्टाइल और रिले में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किए।


हिसार। खो-खो खेलती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में हुआ खो-खो मैच

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने 'मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य एक व्यक्ति के भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो सोचने, महसूस करने और काम करने के तरीके को प्रभावित करता है। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि खेल हमें दृढ़ता और कड़ी मेहनत का गुण सिखाते हैं। क्विजिंग सोसायटी द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं अपनी प्रतिभा को अद्भुत प्रर्दशन किया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा मौजूद थी। महाविद्यालय में खो-खो के मैच का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने पूरे उत्साहपूर्ण भाग लिया। साथ ही मेजर ध्यानचंद के जीवन को दर्शाती एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई।

## बारिश के चलते किसान का ढहा मुर्गी फार्म हाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

कई दिनों से बरवाला में बारिश ने तबाही मचाई हुई है। आमजन को काफी नुकसान हुआ है। अबजोत सिंह वार्ड नंबर 9 बरवाला निवासी मात्र दो कनाल का गरीब किसान है। अबजोत सिंह ठेके पर जमीन लेकर गुजर-बसर करता है। अबजोत सिंह ने खरकड़ा रोड़ पर दो एकड़ जमीन ठेके पर ले रखी थी। संयुक्त किसान मजदूर बाडोपट्टी टोल कमेटी के प्रधान सरदानन्द राजली ने बताया कि अबजोत सिंह ने अभी 3 महीने पहले करीब दो कनाल में मुर्गी फार्म हाउस की बिल्डिंग बनाई थी। पहली बार ही मुर्गी के बच्चे डाले थे, यह पहला बैच था। इस बार मुर्गी फार्म हाउस में 4500 बच्चे थे। मुर्गी के बच्चे 22 दिन के हो चुके थे। तेज़ बारिश के कारण अबजोत सिंह के मुर्गी फार्म हाउस की सारी बिल्डिंग गिर गई। फार्म हाउस की बिल्डिंग गिरने से मुर्गी के बच्चे खत्म हो गए।


बरवाला। मूसलाधार बारिश के चलते किसान अबजोत सिंह का ढहा मुर्गी फार्म हाउस। फोटो : हरिभूमि

## भगवान गणेश की प्रतिमा का किया विसर्जन

- गणेश उत्सव के सभी दिनों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल में पिछले 7 दिन से मनाया जा रहा गणेश महोत्सव का मंगलवार को भगवान गणेश के विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव सम्पन्न हो गया। गणेश उत्सव के सभी दिनों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने प्रतिदिन गणेश जी की आरती की गई तथा स्कूल छात्रा छवी, पावनी, लक्षित व रीवा द्वारा सामूहिक नृत्य के माध्यम से गणेश वंदना की गई। प्रतिदिन शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को गणेश चतुर्थी महोत्सव को मनाने के उद्देश्य व उनके जीवन से संबंधित शिक्षाप्रद कथाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। गणेश विसर्जन महोत्सव में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। विसर्जन महोत्सव में विद्यार्थियों ने भक्ति गीत, नृत्य एवं भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया तथा पूरे विद्यालय का वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठा।


हांसी। गणेश विसर्जन महोत्सव में प्रतिमा को लेकर जाते स्कूल संचालक डॉ संदीप देसवाल। फोटो : हरिभूमि

### ऐसे किया विसर्जन

विद्यालय संचालक डॉ संदीप देसवाल, मुख्याध्यापिका पूजा राणा व शिक्षकों ने गणेश जी की प्रतिमा पर फूल व नारियल अर्पित करके आरती की। इसके बाद गणेश प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में विद्यालय के प्रांगण से विसर्जन स्थल तक ले जाया गया और बड़ी ही श्रद्धा व उत्साह के साथ विसर्जन किया गया।

**'बिनु सत्संग बिबेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥'**

### गोयंका सेवा सदन में दूसरे दिन भी संत प्रवचन समागम जारी

# सत्संग जीवन को बनाता है पवित्र और आनंदमय : स्वामी सत्यानन्द

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्त्वावधान में स्थानीय गोयंका सेवा सदन देवी भवन के प्रांगण में प्रारंभ हुए सात दिवसीय संत सम्मेलन के द्वितीय दिवस महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज के कृपापात्र सोहम् पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानन्द महाराज ने सत्संग की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए व तर्क देते हुए बताया कि 'बिनु सत्संग बिबेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥' सत्संग के बिना विवेक नहीं होता और राम की कृपा के बिना सत्संग सहज नहीं मिलता। भजन सत्संग की महिमा अपरम्पार है,यह मन को शुद्ध करती है, चित्त की प्रसन्नता बढ़ाती है, जीवन को पवित्र और आनंदमय बनाती है, ज्ञान देती है, और आध्यात्मिक पथ पर दृढ़ता से आगे बढने की प्रेरणा देती है। इसके अतिरिक्त, यह लोभ, क्रोध, और चिंता जैसे नकारात्मक भावों को दूर करता है,और व्यक्तित्व के विकास में सहायक होता है। सत्संग पाकर दुष्ट भी सुधर जाते है।



हिसार। स्वामी सत्यानन्द महाराज श्रद्धालुओं को प्रवचनों के माध्यम मंत्र मुग्ध करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इसके अलावा अन्य संतो ने संस्कारों पर विशेष चर्चा की सुनाई व सुंदर भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर राकेश गर्ग, डॉ ललिता राजवंशी, सरोज जिंदल, सीमा गोयल, कृष्ण डालमिया, देवेंद्र उप्पल, सुभाष असीजा, श्रवण असीजा, कांशी राम, रविन्द्र, कृष्ण सैनी इत्यादि श्रद्धालुओं ने संत महापुरुषों को माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के उपरांत भगवान की आरती की गई व उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।



### ध्वजारोहण को लेकर की पूजा-अर्चना

**हिसार।** श्री रामलीला कमेटी कटला के तत्वावधान में ध्वजारोहण कार्यक्रम के तहत कटला रामलीला मैदान में स्थित जय सियाराम मंदिर में श्री हनुमानजी की धर्म ध्वजा की पूजा अर्चना की गई। कमेटी के प्रशासक एनके गोयल की अध्यक्षता में हुई श्री हनुमानजी की धर्म ध्वजा के पूजन के अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र गुप्ता, प्रदीप गोयल, रीना गोयल मुख्य यजमान के तौर पर उपस्थित हुए। श्री हनुमानजी की धर्म ध्वजा के पूजन से पूर्व भगवान गणपति जी की आराधना की गई। उसके उपरांत प.राजेश शास्त्री ने संकटमोचन हनुमानजी को अर्जी लगा कर ध्वजारोहण की अनुमति ली। इस मौके पर स्वामी जितेन्द्रा नंद महाराज खरड़ वाले, संजय ब्रह्मचारी आदि मौजूद रहे।